दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...
पेद्दी बॉक्स ऑफिस: 5 दिनों में 300 ...8
बलरामपुर
गुरूवार, 11 जून 2026
वर्ष: 05 अंक : 250 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

## मोदी के नेतृत्व में बने रिकॉर्डो के लिए कैबिनेट ने पारित किया अभिनंदन प्रस्ताव, कई बड़े फैसले भी लिये गये

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान बनाने पर बधाई दी गयी और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया गया। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के आगमन पर मंत्रिमंडल के सदस्यों ने खड़े होकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेष प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4399 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने पर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के लगातार कार्यकाल का कीर्तिमान पार कर लिया है। मंत्रिमंडल ने इसे भारतीय लोकतंत्र, जनभागीदारी और जनता के विश्वास का ऐतिहासिक प्रतीक बताया। प्रस्ताव में कहा गया कि यह उपलब्धि ऐसे समय में आयी है जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने अपने बारह वर्ष पूरे किये हैं और देश ने छह दशक बाद लगातार तीसरी बार किसी सरकार को जनादेश दिया है। प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा गया कि गरीबों के कल्याण को शासन के केंद्र में रखा गया। सरकार ने करोड़ों लोगों को पक्के घर, बिजली, स्वच्छ जल, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त



राशन और साठ करोड़ से अधिक गरीबों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी। मंत्रिमंडल ने कहा कि इन योजनाओं से पच्चीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। युवाओं के लिये नवाचार और नव उद्यम को बढ़ावा देकर भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नव उद्यम तंत्र बनाने का उल्लेख भी प्रस्ताव में किया गया। महिला सशक्तिकरण, लाखपति दीदी अभियान और विधानमंडलों में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण जैसे कदमों की भी सराहना की गयी। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सुधारों के क्षेत्र में लिये गये फैसलों का भी उल्लेख किया। अनुच्छेद 370 हटाने, वस्तु एवं सेवा कर लागू करने, एक रैंक एक पेंशन, नागरिकता संशोधन कानून, भारतीय न्याय संहिता तथा श्रम संहिताओं को ऐतिहासिक कदम बताया गया। आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल और एअर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, सिंधु जल संधि स्थगित करने, नक्सलवाद पर नियंत्रण और पूर्वोत्तर में शांति समझौतों को भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की उपलब्धि बताया गया। प्रस्ताव में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूरा विश्वास व्यक्त किया गया। जहां तक मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की बात है तो आपको बता दें कि इसमें अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत चरण दो–क के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी। लगभग छह किलोमीटर लंबे इस गलियारे में पांच स्टेशन बनाये जायेंगे जिनमें चार उन्नत और एक भूमिगत स्टेशन होगा। यह गलियारा कोटेश्वर रोड से हवाई अड्डे तक बनाया जायेगा और इसके पूरा होने पर अहमदाबाद और गांधीनगर में कुल मेट्रो नेटवर्क लगभग अठहत्तर किलोमीटर का हो जायेगा। परियोजना की कुल लागत दो हजार एक सौ उनहत्तर करोड़ रुपये से अधिक होगी। सरकार का कहना है कि इससे हवाई अड्डे तक बेहतर संपर्क मिलेगा, यातायात का दबाव कम होगा और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

## सीएम योगी ने पीएम मोदी को 4399 दिन पूरे होने पर बधाई दी

### यूपी में पीएम मोदी के नेतृत्व में आस्था–अर्थव्यवस्था का अद्भुत संग

लखनऊ। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4399 दिन पूरे कर नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहने वाले जनसेवक बन गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेशवासियों की तरफ से पत्र लिखकर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित पत्र में लिखा– राष्ट्र सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल पर आपको समस्त प्रदेशवासियों की ओर से अनंत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देता रहेगा।

पीएम के नेतृत्व में आस्था व अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम बनकर उभरा उत्तर प्रदेश

सीएम ने पत्र में लिखा कि आपके यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम बनकर उभरा है। अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला का विराजमान होना, काशी विश्वनाथ धाम के सफल पुनरोद्धार आदि के साथ ही ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष के आपके मूल मंत्र ने विगत



12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और नया विश्वास प्रदान किया है। राष्ट्र ने सेवा, सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश भी जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित करते हुए शविकसित भारतश के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

करोड़ों नागरिकों तक पहुंचा पीएम मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभः सीएम योगी ने लिखा कि आपके प्रेरक नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तर प्रदेश के करोड़ों नागरिकों तक पहुंचा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 3 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग 65 लाख परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से लगभग 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों ने उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रोजगार व कौशल विकास के क्षेत्र में यूपी ने प्राप्त कीं कई उपलब्धियांः सीएम ने लिखा कि आपके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। मिशन रोजगार के अंतर्गत 9 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की गई है। वहीं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 25 लाख युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपलब्ध कराए गए हैं। निवेश आधारित औद्योगिक विकास, एमएसएमई, ओडीओपी, स्टार्टअप तथा स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जिससे युवा शक्ति प्रदेश की विकास यात्रा की प्रमुख भागीदार बनी है।

आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री ने लिखा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। दिल्ली–मेरठ 12 लेन एक्सप्रेस–वे, दिल्ली–मेरठ नमो भारत (आरआरटीएस), देश का प्रथम इनलैंड वाटर–वे, उत्तर प्रदेश से होकर गुजरने वाले ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, वंदे भारत एवं नमो भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाओं ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। आज उत्तर प्रदेश अपनी विश्वस्तरीय एक्सप्रेस–वे श्रृंखला के कारण देशभर में शएक्सप्रेस–वे प्रदेशश के रूप में स्थापित हो चुका है। स्मार्ट सिटी मिशन, आधुनिक हवाई अड्डों, मेट्रो परियोजनाओं, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा औद्योगिक कॉरिडोर के विकास ने निवेश, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी है।

## रेखा गुप्ता बोलीं– पीएम मोदी ने बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की, बनाया नया रिकॉर्ड

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर बुधवार को उत्तरी दिल्ली की किशनगंज गौशाला का दौरा किया और एक मंदिर में पूजा–अर्चना की। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि आज



वह (मोदी) सबसे लंबे समय तक पद रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं और वह बिना एक भी दिन की छुट्टी लिए, देश की सेवा कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि करोड़ों लोग प्रधानमंत्री मोदी के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हर कोई देश का सम्मान बढ़ाने और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता है, जिसके लिए वह निरंतर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं के केंद्र में महिलाएं हैं, चाहे वह देशभर में शौचालयों को बढ़ावा देकर उन्हें सम्मान देना हो या उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराकर उनके जीवन को आसान बनाना हो। गुप्ता ने कहा, इस अवसर पर मैं देश की महिलाओं की ओर से भी उन्हें बहुत–बहुत धन्यवाद देती हूं। मोदी ने 10 जून को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों तक प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

## ममता को सबसे बड़ा झटका: टीएमसी के 19 सांसद बागी गुट में शामिल, लिस्ट में यूसुफ पठान–शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर आ रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर सुलग रही असंतोष की चिंगारी अब एक बड़े सियासी विस्फोट में बदल चुकी है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों से मिल रही खबरों के मुताबिक, टीएमसी अभी सीधे दो हिस्सों में बंटने की कगार पर खड़ी है। दूसरी ओर बंगाल की सियासत और राजनीतिक गलियारों में ऊहापोह और तेज तब हो गई, जब ये दावा किया जाने लगा कि इन बागी सांसदों में ममता बनर्जी की करीबी सियानी घोष के साथ आसानसोल से सांसद शत्रुघन सिन्हा और बहरामपुर से सांसद यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। शताब्दी राय ने किया था तीखा हमलाः संकट के बीच वरिष्ठ नेता शताब्दी राय ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि केवल दो सांसद पार्टी छोड़ते तो इसे व्यक्तिगत मामला माना जा सकता था, लेकिन 20 से अधिक सांसदों का साथ छोड़ना नेतृत्व की गंभीर विफलता का प्रमाण है। शताब्दी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने संगठन के भीतर बढ़ती नाराजगी को समय रहते नहीं समझा, जबकि अभिषेक बनर्जी और आइपैक को अत्यधिक अधिकार देने से जमीनी कार्यकर्ताओं का भरोसा कमजोर हुआ।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी को दी बधाई

### कहा– आपके Governance में दूरगामी प्रगति हुई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने की विशिष्ट उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर उनके नेतृत्व में जनता द्वारा जताए गए अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आपका कार्यकाल शासन, आर्थिक मजबूती और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में दूरगामी उपलब्धियों से चिह्नित रहा है।" मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के लगातार कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। मुर्मू ने कहा, "राष्ट्र के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने के इस अद्वितीय सम्मान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई। यह ऐतिहासिक अवसर भारत की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में व्यक्त किए गए स्थायी विश्वास और भरोसे का प्रमाण है।" उन्होंने कहा कि व्यापक जनकल्याणकारी पहलों ने विकास के लाभों को अधिक समावेशी और न्यायसंगत तरीके से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो अंत्योदय के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "आपके नेतृत्व में शुरू की गई अनेक पहलों में से पीएम–जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान मेरे हृदय के विशेष रूप से निकट हैं।"



### फारूक अब्दुल्ला ने पीएम मोदी को याद दिलाया वादा, कहा-

## जम्मू कश्मीर को राज्य दर्जा बहाल होने का इंतजार है

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से कहा है कि वह जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का अपना वादा पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नेकां केंद्र के अपना वादा पूरा करने का इंतजार कर रही है। अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में पत्रकारों से कहा, "प्रधानमंत्री ने हाल में उमर से कहा है कि वह (जम्मू–कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने का) अपना वादा पूरा करेंगे।" जम्मू–कश्मीर सरकार के लिए प्रशासनिक कामकाज के नियमों को मंजूरी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी न सिर्फ कामकाज के नियम चाहती है, बल्कि राज्य का दर्जा भी बहाल करवाना चाहती है। उन्होंने कहा, "दुनिया के सामने राज्य का दर्जा देने का वादा उसका (केंद्र का) है। हम इंतजार कर रहे हैं।" नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू–कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग के समर्थन में संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह निर्णय तीन जून को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई सत्ताधारी पार्टी के विधायकों की बैठक में लिया गया।



## एनसीपी प्रमुख शरद पवार का बीजेपी पर हमला

### कहा– पीएम मोदी की नेहरू से कोई बराबरी नहीं

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप)के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से किए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के त्याग और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को नहीं भूल सकते। पवार ने राकांपा(शप)के27वें स्थापना दिवसकार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं और ऐसी छवि बनाई गई है कि उनके जैसा कोई नेता नहीं है। उन्होंने कहा, "राष्ट्र निर्माण और स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और उसका सम्मान किया जाना चाहिए।" पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, "उनकी तुलना किसी और से नहीं की जा सकती। महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई के दौरान नेहरू ने कई साल जेल में बिताए।" पवार ने मोदी के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए कहा, "यह अच्छी बात है। संसदीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक होता है और हमें उसका सम्मान करना चाहिए। लेकिन नेहरू तो नेहरू हैं और भारतीय उनके त्याग को नहीं भूल सकते।" महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन ने आरोप लगाया था कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने सिखों पर अत्याचार किया। पवार ने महाजन के इस बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, "ऐसा बयान स्वीकार्य नहीं है। ऑपरेशन ब्लू स्टार इंदिरा गांधी का एक बलिदान था।



## पाकिस्तान के खिलाफ पीओके में बड़ा प्रदर्शन

### 'ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी' के आह्वान पर पूर्ण बंद

नई दिल्ली। 'ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी' द्वारा विरोध प्रदर्शन का आह्वान किये जाने के बाद मंगलवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में दुकानें और बाजार बंद रहे। क्षेत्र में हाल ही में हुई पुलिस कार्रवाई में 20 से अधिक लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई है। बीबीसी उर्दू की खबर के अनुसार, कमेटी से जुड़े लगभग 2,000 प्रदर्शनकारियों ने भीमबर से विरोध मार्च शुरू किया और वे मीरपुर पहुंचकर मुजफ्फराबाद के लिए रवाना होंगे। खबर में यह भी बताया गया कि कुछ प्रदर्शनकारी रावलकोट पहुंचकर मुजफ्फराबाद के लिए आगे बढ़ेंगे। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान सड़कों व अन्य इलाकों में गश्त कर रहे हैं।कमेटी, रियायती आटे और बिजली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा थी। अधिकारियों ने सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को इस समूह पर प्रतिबंध लगा दिया। 'डॉन' की खबर के अनुसार, मुजफ्फराबाद की सड़कें सुनसान रहीं और सड़कों पर लगभग कोई वाहन नहीं दिखाई दिया। खबर में यह भी बताया गया कि शहर में दंगा पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं। हालांकि, शहर में कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। खबर के मुताबिक, पीओके के एक अन्य प्रमुख शहर मीरपुर के कायद–ए–आजम स्टेडियम में सैकड़ों लोग जमा हुए थे।



# महिलाओं को कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोण्डा।** गोण्डा जनपद के विकास भवन परिसर में हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी



अधिकारों, कानूनी सहायता सेवाओं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकें। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने महिलाओं को लैंगिक समानता एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त एवं जागरूक होना जरूरी है तथा इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।कार्यक्रम में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बेटियां किसी भी प्रकार से बोझ नहीं हैं।उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए, जिससे वे समाज में मिसाल बनकर देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर सेवाएं, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही संबंधित योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए।इस दौरान चाइल्ड्ड हेल्प्पलाइन की काउंसलर नीतू त्रिपाठी, अलका पाण्डेय, देवीदयाल तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्लैक बेल्ट प्राप्त ताइक्वांडो 30 खिलाड़ियों को मंडलायुक्त ने किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद मे वर्ष 2025–26 में ताइक्वांडो महासंघ कोरिया द्वारा ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त 19 बालक एवं 11 बालिका ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मंगलवार को मंडलायुक्त देवीपाटन दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने कार्यालय में



सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र,आईडी कार्ड, पदक एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं,बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे खेलों में बढ़–चढ़कर भाग लें तथा आत्मरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक बनें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने सभी बच्चों की सालो की कड़ी मेहनत की सराहना की।उन्होंने गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप जनपद के खिलाड़ी ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश स्तर पर गोंडा का नाम रोशन कर रहे हैं।मंडलायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी भावी योजनाओं एवं लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली।इस दौरान गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव डॉ. प्रत्यूष राज ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों एवं एसोसिएशन की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से कार्य करें तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राष्ट्र और जनपद का गौरव बढ़ाएं तथा सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।ब्लैक बेल्ट उपाधि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अर्णव सोनी, अथर्व राज सोनी, नैतिक तिवारी, प्रांजल पांडेय, अंकुर आर्या, मोबीन, पुष्कर शुक्ला, कुशाग्र शर्मा, निर्भय शेखर तिवारी, राम मिश्रा, अरहम मंजूर, शौर्य गुप्ता, प्रणय प्रजापति, शिवांश मिश्रा, प्रमुदित राजपाल, सौम्य सिंह राणा, अभ्युदय सिंह, संभव प्रकाश, आशीष आर्या, अनमोल शुक्ला, नवनीत सिंह तथा बालिका वर्ग में अक्षिता सिंह, ज्योति चौधरी, आराध्या गुप्ता, वैभवी सिंह, नैना उपाध्याय, अनुष्का गुप्ता, कृषा श्रीवास्तव, अनन्या सिंह, मान्या गुप्ता, स्नेह मिश्रा एवं श्रद्धा गुप्ता शामिल रहीं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक देवेंद्र शर्मा एवं संदीप चौहान को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर आयुक्त मीनू राणा व राजेश कुमार यादव एवं संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

# मेंहदावल पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0 अ0 स0 236 /2026 धारा 191(2)/115 (2)/352/351(3)/109 बीएनएस व मु0 अ0 स0 238 /2026 धारा 191 (2)/115 (2)/352/351 (3)/109 बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तगण नाम पता 1. सुग्रीव मौर्य पुत्र छांगुर मौर्य निवासी ग्राम बाराखाल थाना मेंहदावल जनपद सन्तकबीरनगर संबंधित मु0अ0सं0 236/2026 उपरोक्त व 02. देवेन्द्र यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम बाराखाल



थाना मेंहदावल संबंधित मु0अ0सं0 238/2026 उपरोक्त को बाराखाल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया । विदित हो कि दिनाँक 08.06.2026 को मु0अ0सं0 236/2026 उपरोक्त के वादी नितेश यादव पुत्र राममूरत यादव निवासी बाराखाल थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर व दिनांक 09.06.2026 को मु0अ0सं0 238/2026 उपरोक्त के वादी अनिल मौर्या पुत्र जयराम मौर्या निवासी बाराखाल थाना मेंहदावल द्वारा थाना मेंहदावल पर तहरीर दिया गया कि बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें क्रमशः पवन यादव व सुग्रीव को प्राणघातक गम्भीर चोटें आने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था । अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों को आज दिनांक 10.06.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण– उ0नि0 राकेश कुमार, हे0का0 मुरली मनोहर, रि0का0 सन्तोष तिवारी ।

# मारपीट में एक घायल

जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के अमाई गांव में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडों से हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया है। अमाई गांव निवासी राजेश कुमार सरोज ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि .रात उनके पड़ोसी संजीव कुमार सरोज, सूरज कुमार सरोज, यजनारायण सरोज और सोनू गुप्ता पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। फिल्हाल पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिलाओं को कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

**संत कबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार तथा



पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाब, राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचकर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थापन एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में तैनात अधि0/कर्मचारीगण को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने,अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए सघन निगरानी की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनपदीय कंट्रोल रूम तथा डायल–112 को भी पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं । पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि परीक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

# डीएम द्वारा निर्माणाधीन बस स्टेशन मुखलिसपुर एवं टीएचआर प्लांट नाथनगर का किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस स्टेशन के निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही ईंट, मोरंग एवं सरिया की गुणवत्ता का थर्ड पार्टी से परीक्षण कराने हेतु दिए गए निर्देश**

**संत कबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा निर्माणाधीन बस स्टेशन मुखलिसपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान



मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्तमान में बस स्टेशन के मुख्य भवन के नींव/च्सपदजी का निर्माण किया जा रहा है, जिलाधिकारी द्वारा निर्माण में प्रयुक्त की जा रही ईंट, मोरंग व सरिया आदि का परीक्षण थर्ड पार्टी से कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बस स्टेशन के शौचालय का निर्माण हुआ है जो अभी अधूरा है, चारदीवारी बनाई गई है वह भी अभी अधूरी है जिसे तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। लक्षित समय में निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के सापेक्ष कार्य की धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्य में प्रगति एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्धारित समय में बस स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की सड़क के सापेक्ष बस स्टेशन भवन के नींव/च्सपदजी की ऊंचाई पर्याप्त हो। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ज्भ्त् प्लांट नाथनगर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बीएमएम को निर्देशित किया गया कि क्रय की गई और प्रयुक्त की गई सामग्री का विस्तृत विवरण तैयार कर तत्काल प्रस्तुत करें।

# बड़े मंगल पर आइसक्रीम भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

फतेहपुर। ज्येष्ठ माह के पावन बड़े पर शहर के चौधरान मोहल्ला स्थित बाबूलाल स्वीट हाउस के सामने हनुमान भक्तों द्वारा आइसक्रीम वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं और राहगीरों की भारी भीड़ जुटी। भंडारे का शुभारंभ प्रातः ग्यारह बजे किया गया। हनुमान भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ आने–जाने वाले लोगों को आइसक्रीम वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया। तपती गर्मी में ठंडी आइसक्रीम पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने इसे हनुमान जी का प्रसाद मानकर ग्रहण किया और आयोजकों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। आयोजकों ने बताया कि बड़े विशेष धार्मिक महत्व है। इस अवसर पर सेवा, दान और भंडारे के आयोजन की परंपरा रही है। इसी क्रम में क्षेत्रवासियों और हनुमान भक्तों के सहयोग से आइसक्रीम भंडारे का आयोजन किया गया, ताकि लोगों को गर्मी से राहत के साथ–साथ प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिल सके। पूरे दिन भक्ति और सेवा का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया, आयोजन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एस अग्रवाल, साकेत मोदनवाल, रामजी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र अग्रहरि, वीरेन्द्र साहू, सत्यम साहू गोलू, यश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा से पूर्व कलशयात्रा

जौनपुर। बक्शा विकास खण्ड के उमरक्षा गांव में स्थित मत्युजंय महादेव धाम पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के प्रथम दिन भब्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा धाम यज्ञ स्थल से चलकर गांव भ्रमण करतें हुए हनुमान मंदिर होते हुए सई नदी पहुँची जहां मुख्य यजमान सहित कुल 101 महिलाओं ने नदी से कलश में जल लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुँची। कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं युवतियों ने घड़े में जल के साथ जय जयकारों के साथ रवाना हुई तो मौजूद वातावरण भक्तिमय हो गया।गांजे–बाजे के साथ चल रही महिलाएं भक्तिमय माहौल में गीत गाते हुए तो युवक जय जयकारों के उदघोष के साथ नाचते गाते चल रहे थे जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। यज्ञाचार्य कथा ब्यास पण्डित अनिकेश शुक्ल महाराज ने बताया कि विद्वान ब्राह्मणों की टीम द्वारा मंत्रोच्चार से यज्ञ स्थल पर मंगल कलश यात्रा पश्चात वेदी निर्माण, पूजन एवं कथा महात्म्य का आयोजन हुआ। शाम को कथा ब्यास महाराज ने कुंती चरित्र परीक्षित श्राप एवं कपिल देवहूति संवाद की कथा श्रवण करवाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा संकल्प मात्र से जीवन का उद्धार हो जाता है। कथा ब्यास ने कहा कि कलयुग में पापी भी अगर सात दिन बैठकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रवण कर ले तो उसे भी कष्ट से मुक्ति मिल जाएगी। कथा के अंत में आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# मोदी सरकार के विश्वास,विकास और जनकल्याण के बारह वर्ष पूर्ण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली





सरकार के 12 वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी गैसड़ी के नि. विधायक शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू ने बुधवार को नगर पंचायत पचपेड़वा नई बाजार राम जानकी मंदिर में मत्था टेक कर पूजन आरती किया उसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान नि. विधायक शैलेश कुमार सिंह ने वृक्ष लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी उम्र और अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना की। भंडारे से पूर्व सुंदर कांड का पाठ हुआ। आयोजित कार्यक्रम में गैसड़ी विधानसभा के प्रभारी राम .पाल,नगर पंचायत पचपेड़वा अध्यक्ष रवि वर्मा,गैसड़ी ब्लॉक प्रमुख जगदंबा सिंह,मंडल अध्यक्ष पचपेड़वा अमित जायसवाल, भाजपा नेता पप्पू मिश्रा, पंकज सिंह,बबलू प्रधान, सभासद रामविलास विश्वकर्मा, नंदकुमार पांडे, रमेश बिट्टू प्रधान,विक्की गुप्ता,अंजनी गुप्ता राम जानकी मंदिर के संरक्षक शिव अग्रवाल,जगदंबा अग्रवाल,मंदिर के पुजारी सहित बड़ी संख्या में लोग भंडारे में शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में बन रही संजीवनी 108 की सर्विस

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया। सिद्धार्थनगर जोगिया ब्लॉक के बुद्धमाहिया पकड़ी में



आज सुबह एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना हुई। समीर पुत्र मेहदी हसन नामक युवक अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरने की वजह से सर और शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोटे आयी। मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को दी गई। सूचना मिलते ही सीएचसी शोहरतगढ़ अस्पताल से तैनात 108 एंबुलेंस के EMT विपिन एवं च्पसवज राजेश ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। EMT की सूझबूझ, त्वरित निर्णय और बेहतर ट्रेनिंग की वजह से समय रहते घायल को उपचार मिल सका। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने EMT टीम की जमकर सराहना करते हुए कहा कि . ष्सरकार की 108 सेवा और म्डज के इस प्रयास ने आज एक घर का चिराग बुझने से बचा लिया।

# जनकल्याण में अहम भूमिका निभा रही 108–102

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के इटवा ब्लॉक में बलुआ



चौराहा के पास करीब सुबह 11.50 बजे ग्राम मधुपुर तहसील पिपरा जनपद बलरामपुर निवासी अताफ पुत्र अतिकूर रहमान किसी जरूरी काम से इटवा जा रहे थे विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन और बाइक का जबरजस्त टक्कर हो गया मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को दी गई। सूचना मिलते ही सीएचसी इटवा अस्पताल से तैनात 108 एंबुलेंस के दिनेश प्रजापति एवं तीर्थराज पाण्डेय ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। की सूझबूझ, त्वरित निर्णय और बेहतर ट्रेनिंग की वजह से समय रहते घायल को उपचार मिल सका। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने टीम की जमकर सराहना करते हुए कहा कि . ष्सरकार की 108 सेवा और म्डज के इस प्रयास से हर रोज कई लोगों की जिंदगियां बचायी जा रही हैं। का यही उद्देश्य है इतना सक्षम बनाना कि वह हर आपात स्थिति में किसी के लिए जीवनदाता साबित हो सके।

# रामजानकी नगर में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम संपन्न

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा




दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रामजानकी नगर, वार्ड नंबर–15 में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा नेता जयवर्धन तिवारी ने भी जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी के बल पर विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माधव यादव, सूरज यादव, रामतेज शुक्ला, राम निवास उपाध्याय, हरि यादव, सुनील पांडेय, राजकुमार, बुधराज गिरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बूथ संख्या–153, मंडल इटवा के अंतर्गत आयोजित किया गया।

# जेसीबी की चपेट में आने से व्यवसायी की मौत, चार दिन बाद थी बेटे-बेटी की शादी

दैनिक बुद्ध का संदेश



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर के एक व्यवसायी की बुधवार को सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सबसे मार्मिक बात यह है कि मृतक के बेटे और बेटी की शादी महज चार दिन बाद होनी थी। ऐसे में परिवार की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार, शोहरतगढ़ कस्बा निवासी मोहम्मद सफी (55 वर्ष) मिठाई के डिब्बे बनाने एवं बिक्री का कार्य करते थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दोपहिया वाहन से डिब्बों की डिलीवरी देने के लिए कोटिया बाजार जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मड़वा चौराहे से आगे बढ़ने पर उनकी बाइक जेसीबी संख्या यूपी 55 टी 8344 की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अर्जुन यादव ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई और उनका रो–रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची शोहरतगढ़ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल जेसीबी तथा दोपहिया वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटनास्थल एवं अस्पताल पर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। घटना की जानकारी मिलने पर चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सभासद प्रतिनिधि बबलू गौड़, बाबू जी अंसारी, सोनू निगम सहित कई गणमान्य लोग मृतक के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

**चार दिन बाद बेटे और बेटी की होनी है शादी, हादसे ने तोड़ी परिवार की खुशियां**

मोहम्मद सफी की असामयिक मौत से हर कोई गमगीन है। परिजनों और शुभचिंतकों के अनुसार, महज चार दिन बाद उनके बेटे और बेटी की शादी होने वाली है। परिवार में विवाह की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन इस दर्दनाक सड़क हादसे ने उन खुशियों को मातम में बदल दिया। मोहल्ले और क्षेत्र के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं। हर किसी की जुबान पर यही चर्चा है कि जिस परिवार में कुछ दिनों बाद शहनाई बजनी थी, वहां अचानक मातम छा गया। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बड़ी संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं तथा परिवार को ढांढस बंधाने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहम्मद सफी मेहनती, मिलनसार और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। उनकी असमय मृत्यु ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे दुःख में डाल दिया है।

# भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर नगर पंचायत शोहरतगढ़ के गड़ाकुल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारों के साथ पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अपना दल के जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि बड़े मंगलवार पर आयोजित भंडारे केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का भी माध्यम हैं। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में अपना दल के जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सुन्दर चौधरी, समाजसेवी विनय प्रताप सिंह, मनीष श्रीवास्तव, चन्दन पाण्डेय, पिंटू पटेल, भीम चौधरी, रंजीत चौधरी, राहुल चौधरी एवं गोलू चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर निकायों के निर्माण कार्यों की समीक्षा, समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर नगर निकायों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गौरव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को आकांक्षी नगर योजना के तहत अतिरिक्त कक्ष, पार्क, डिजिटल लाइब्रेरी और ओपन जिम के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। वंदन योजना के स्वीकृत कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर निर्माण शुरू कराने को कहा। उन्होंने नगरीय झील, तालाब एवं पोखरा संरक्षण योजना के तहत सौंदर्यीकरण कार्य वर्षा से पहले पूरा करने तथा जल निकासी के लिए नाला निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि बारिश में जलभराव की समस्या न हो। बैठक में एलबीसी पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सभी अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# छठे बड़े मंगलवार पर श्रीराम जानकी मंदिर में गूंजी हनुमान चालीसा

दैनिक बुद्ध का संदेश




शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर नगर के श्रीराम जानकी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान जी की आराधना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और जय श्रीराम तथा जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इसके उपरांत विधि–विधान से महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ–साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व है। ऐसे आयोजनों से लोगों में सेवा, भक्ति एवं भारतीय संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में नंदू गौड़, नीलू रूंगटा, मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप वर्मा, सर्वेश खेतान, सुनील शर्मा, रंजीत मित्तल, बीरेंद्र गौड़, मनोज तिवारी, महेश कसौधन, दुर्गेश गुप्ता, संजू पाण्डेय एवं गुड्डू पटवा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बांसी में हुई आरती, दीर्घायु की कामना

दैनिक बुद्ध का संदेश




बांसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बांसी स्थित ठाकुर राम जानकी मंदिर में विशेष आरती एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बांसी विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने किया, जिसमें नगर मंडल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्रीय गौरव के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ववर्ती सरकारें दशकों में पूरा नहीं कर सकीं, उन्हें प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में साकार कर दिखाया है। साथ ही वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर के.पी. त्रिपाठी ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की देश को आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने आरती में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ जीवन तथा देश की निरंतर प्रगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर हनुमान दास, अभिषेक दास, ईश्वर चंद्र दूबे, जोगी बाबा, सुरेंद्र श्रीवास्तव, विष्णु जायसवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष कुबेर बारी, सरदार स्वर्ण सिंह, प्रमोद हिंदू, नीरज गिरी, राकेश यादव, रामशरण मौर्य, मनोज यादव, अरविंद अग्रहरि, सुशीला केवट, धर्मेंद्र (पूर्व सभासद), राम बाबू, सभासद श्याम बाबू, सभासद सत्यनारायण मौर्य, रमाकांत, अनिल यादव, धर्मेंद्र यादव, अंगद गुप्ता, उमेश गौतम, उमेश कश्यप, दीपु गौतम, सोनू वर्मा, दीपु रावत, सनी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संभावित बाढ़ को लेकर जिलाधिकारी ने किया बाढ़ शरणालय का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। संभावित बाढ़ की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने बुधवार को विकास खंड जोगिया स्थित महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ शरणालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नौगढ़ ने जिलाधिकारी को बताया कि बाढ़ के समय यहां प्रभावित लोगों के ठहरने तथा भोजन के लिए लंच पैकेट की व्यवस्था की जाती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## कटाव निरोधक कार्य में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने लखनापार–बेदौला तटबंध के किलोमीटर 12.100 से 12.450 के मध्य ग्राम भुतहिया के समीप चल रहे कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति मात्र 45 प्रतिशत पाई गई। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को 5 जुलाई 2026 तक पूर्ण किया जाना है। कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा कराने को कहा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खंड कृपा भारती, अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमानगढ़ी में गूंजे भजन-कीर्तन, प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए हुई प्रार्थना

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ष12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत मंगलवार को सिद्धार्थनगर स्थित पावन हनुमानगढ़ी मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने की। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री के षसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र को देश के समग्र विकास का आधार बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि पार्टी




द्वारा 5 जून से ष12 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याणष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के सभी 25 मंडलों में हवन–पूजन, स्वच्छता अभियान, जनसंपर्क एवं लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कार्यक्रम में डॉ. सीमा मिश्रा ने भी केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष सतीश रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री फतेह बहादुर सिंह, रमेश मणि त्रिपाठी, अनुराग श्रीवास्तव, पंकज जायसवाल, राजेश दुबे, मनोज लोधी, ऋषभ त्रिपाठी, धनराज यादव, रुद्र यादव, हरिराम मिश्रा, मुन्ना पांडे, अरविंद पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**भारत एक विकासशील देश है, बड़ी आबादी जहां इसकी ताकत है, वहीं कमजोरी भी है। देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराना जहां एक बड़ी उपलब्धि है, वहीं लोगों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कदम उठाने के लिए पहल करने को भी रेखांकित करता है। हालांकि, कोरोना संकट, रूस–यूक्रेन युद्ध, इस्राइल–हमास संघर्ष और फिर ईरान अमेरिका–...**

## बड़े बदलावों संग विकसित भारत का संकल्प

सत्ता शीर्ष पर बारह साल के कार्यकाल के दौरान अनेक विशिष्ट उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्से में आई हैं। एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पं. नेहरू ने पहले आम चुनाव के बाद 13 मई, 1952 को विधिवत निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल शुरू किया, जो 1964 तक चला। वहीं नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 9 जून, 2024 को ली। निश्चय ही भारत जैसे विशाल, सांस्कृतिक विविधता वाले तथा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहना एक बड़ी उपलब्धि कही जाएगी। भाजपा नीत राजग गठबंधन सरकार के हिस्से में यूं तो कई उपलब्धियां हैं, लेकिन एक सशक्त केंद्र सरकार देश की एकता–अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है। निस्संदेह, मोदी युगीन इन बारह सालों को अनुच्छेद–370 हटाने, नक्सलवाद के खात्मे, आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक सुरक्षा नीति, आध्यात्मिक पर्यटन, महिला आरक्षण, डिजिटल इंडिया मुहिम, तीन तलाक से मुक्ति व आर्थिक आरक्षण की उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा। निस्संदेह, कुछ फैसले ऐसे रहे हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी। लोगों को गरिमा व अवसर दिलाने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं बदलावकारी कही जाती हैं। साथ ही उन लोगों को 'अंत्योदय दृष्टि' से प्रेरित होकर लाभ देने की कोशिश हुई, जो असमानता के चलते पीछे छूट गए थे। बड़ी संख्या में जनधन खाते खोले जाने का लाभ विशेष रूप से महिलाओं को मिला। जहां डायरेक्ट बेनिफट ट्रांसफर से जहां लोगों को समय पर मदद मिली, वहीं बिचौलियों पर नकेल कसने से भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा। मोदी सरकार ने 'एक देश, एक कर' की सोच को जीएसटी लागू करके हकीकत बनाया। जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे तो उन्होंने उद्घोष किया था कि न 'खाऊंगा और न खाने दूंगा।' यह हकीकत है मानवीय दुर्बलताओं और समाज में लगातार बढ़ती भौतिकवाद की सोच के चलते समाज में भ्रष्टाचार पर अपेक्षित लगाम नहीं लगी, लेकिन उनके कार्यकाल में कोई मंत्री प्रत्यक्ष तौर पर किसी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त नजर नहीं आया। निस्संदेह, खाड़ी संकट के चलते महंगे हुए पेट्रोलियम पदार्थों से महंगाई असर दिखा रही है, लेकिन समय रहते प्रबंधन के चलते वैसे हालात भी नहीं पैदा हुए, जैसे हमारे पड़ोसी देशों में नजर आ रहे हैं। अमेरिका दबाव के बावजूद रणनीतिक ढंग से रूस से सस्ता तेल खरीदकर मोदी सरकार ने जहां देश के आपातकालीन पेट्रोलियम भंडारण को बढ़ाया, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा की भी बचत की। आज देश ने कच्चे तेल के खरीद के विकल्पों को विस्तार दिया है, जो संकटकाल में मददगार साबित हुए हैं। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा सौर ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा आदि वैकल्पिक संसाधनों के लिए जो अभियान चलाए गए, उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के दौरान देश की आर्थिकी को संबल दिया। एक समय विपक्षी नेता पेट्रोल में एथनॉल मिलाए जाने को लेकर आलोचना कर रहे थे, लेकिन यह फैसला मौजूदा ऊर्जा संकट में मददगार साबित हुआ। भारत एक विकासशील देश है, बड़ी आबादी जहां इसकी ताकत है, वहीं कमजोरी भी है। देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराना जहां एक बड़ी उपलब्धि है, वहीं लोगों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कदम उठाने के लिए पहल करने को भी रेखांकित करता है। हालांकि, कोरोना संकट, रूस–यूक्रेन युद्ध, इस्राइल–हमास संघर्ष और फिर ईरान अमेरिका–इस्राइल युद्ध के संकट से पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है, लेकिन राजग सरकार इन चुनौतियों का बखूबी मुकाबला करती नजर आई। इसके बावजूद मोदी सरकार की फिलहाल बेरोजगारी व महंगाई पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत युवाओं का देश है, इस युवाशक्ति का देश हित में कैसे बेहतर इस्तेमाल हो सकता है, इसकी दृष्टि निश्चय ही प्रधानमंत्री के पास है। तभी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

## प्रेम, बिजली और जुबान की आग

आग न सिर्फ दिल में लगती है बल्कि पेट में भी लगती है। महंगाई से सीधे पेट में आग लग जाती है। तीखी जुबान से भी आग लगने की भरपूर सम्भावना रहती है। ये तो अच्छा है कि आग पूर्णतरू प्राकृतिक होती है, सरकारी नहीं। इसलिए यह कभी भी, कहीं भी, कैसे भी लग जाती है। यह किसी गरीब के चूल्हे और किसी अमीर की कीमती सिगरेट से समान रूप से लग जाती है। सोचिए कि अगर ऐसा नहीं होता तो बड़ी विचित्र स्थिति उत्पन्न हो जाती। जब आपको ब्रेकफास्ट के लिए आग की जरूरत होती तो मालूम पड़ता कि आग का लंच ब्रेक चालू हो गया है। रात को डिनर के लिए जब गैस में आग लगाने की कोशिश की जाती तब मालूम पड़ता कि आग की ड्यूटी तो शाम छह बजे ही खत्म हो गई। या आज आग किसी जरूरी काम से कैजुअल लीव पर है। गर्मियों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इसमें जानमाल का भारी नुकसान होता है। ऐसे में आग लगने पर बिल्डिंग में शोभायमान आग बुझाने के लाल सिलेंडर ऐसे जड़ हो जाते हैं जैसे महाभारत काल में द्रौपदी के चीरहरण पर गंगापुत्र भीष्म जड़ हो गए थे। वे दीवार में जड़े सब कुछ चुपचाप देखते रहते हैं। ऐसा नहीं है कि आग लगने की घटनाएं सिर्फ 'बिजली के शार्ट सर्किट' से ही होती हैं बल्कि 'प्रेम के शार्ट सर्किट' से दिल में भी आग लग जाती है। ऐसी अवस्था में मुआ सावन भी आग लगाने लगता है। इसलिए शायर कहता है कि इश्क की आग ऐसी होती है जो 'लगाए न लगे और जो बुझाए न बुझे'। वैसे भी इश्क को आग का धधकता दरिया कहा गया है जिसे कूद कर जाना पड़ता है। हालांकि, प्रेम की आग उम्र की सीमा नहीं मानती। यह आग पल दो पल में लग जाती है परन्तु बुझते–बुझते एक जमाना लगता है। प्रेम की यह ज्वाला फिल्म बनाने वालों का अति प्रिय विषय रहा है। नायक– नायिका के आग लगाने वाले दृश्य पर्दे पर अलग–अलग तरह से भुनाकर उन्होंने पैसे की अच्छी खासी फसल पकाई है। आग न सिर्फ दिल में लगती है बल्कि पेट में भी लगती है। महंगाई से सीधे पेट में आग लग जाती है। तीखी जुबान से भी आग लगने की भरपूर सम्भावना रहती है। पति–पत्नी, सास–बहू, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और कार्यक्षेत्र में आग लगने की घटनाओं में जुबान लीड रोल में रहती है। कई बार चुनाव हारने के बाद पार्टी में आग लग जाती है जैसा कि बंगाल चुनाव के बाद देखा जा रहा है। अंकल सैम की 'दो गज लम्बी जुबान' तो बड़े–बड़े युद्ध करवाने में सक्षम है। ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच युद्ध की आग ऐसी लगी है कि रुक ही नहीं रही। इसकी तपन से समूचा विश्व हैरान–परेशान हो रहा है।

## रेडियो ने एकता के सूत्र में पिरोया देश को

**आकाशवाणी को समृद्ध बनाने में लियोनेल फील्डन, बुखारी बंधु, जगदीश चंद्र माथुर, पंडित नरेंद्र शर्मा, सुमित्रानंदन पंत, हरिवंश राय बच्चन, उपेंद्र अश्क, पंडित रवि शंकर, अनिल विश्वास, मेलविल डी मेलो, गिरिजा कुमार माथुर, दुष्यंत कुमार, जसदेव सिंह, देवकीनंदन पाण्डेय, विनोद कश्यप, सुरजीत सेन, बोरुन हलदार और अनेक प्रतिभाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गत 90 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को ...**

गत 90 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, संसदीय व निर्वाचन गतिविधियों, विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने में रेडियो ने सेतु की भूमिका निभाई। 'दिस इज ऑल इंडिया रेडियो...' यह वाक्य केवल एक उद्घोषणा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की स्मृतियों, संवेदनाओं और राष्ट्रीय चेतना का अभिन्न हिस्सा है। रेडियो ने भारत को केवल समाचार नहीं दिए, बल्कि उसे एक सूत्र में पिरोने, संस्कृति को संरक्षित करने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संकट के समय जनविश्वास कायम रखने का कार्य किया। 8 जून 1936 को इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो रखा गया था। इस संस्था ने अपनी गौरवशाली 90 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत 1921 से 1924 के मध्य रेडियो क्लबों के माध्यम से शुरू हुई। 23 जुलाई, 1927 को इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने बंबई और कलकत्ता से नियमित प्रसारण प्रारंभ किया। आर्थिक कठिनाइयों के कारण यह व्यवस्था अधिक समय तक नहीं चल सकी। वर्ष 1932 में भारत की अंग्रेज सरकार ने इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस नाम से प्रसारण व्यवस्था अपने हाथ में ले ली। सितंबर, 1935 में एक अंग्रेज ब्रॉडकास्टर लियोनेल फील्डन को लंदन से भारत बुलाकर प्रसारण नियंत्रक बनाया गया। उन्होंने 1 जनवरी, 1936 को दिल्ली के 18, अलीपुर रोड स्थित एक छोटे से भवन से इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का संचालन शुरू किया। फील्डन को यह




नाम आकर्षक नहीं लगता था। एक अवसर पर उन्होंने तत्कालीन वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो से अपनी समस्या साझा की। लिनलिथगो ने नया नाम सुझायाकृ'ऑल इंडिया रेडियो'। 8 जून, 1936 को पहली बार यह उद्घोषणा प्रसारित हुई और भारतीय प्रसारण इतिहास का नया अध्याय प्रारंभ हुआ। 90 वर्षों में आकाशवाणी भारत की संस्कृति, सभ्यता और देश की पहचान बनी, जिस पर प्रत्येक भारतीय गर्व करता है। ऑल इंडिया रेडियो ने भारत की संगीत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में अमूल्य योगदान दिया। रेडियो नाटक जैसी नई विधा का विकास भी इसी माध्यम से हुआ। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में, विशेषकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के समय, भूमिगत रेडियो प्रसारणों ने जनचेतना को बल दिया। 3 जून, 1947 को भारत विभाजन की घोषणा प्रसारण भवन, दिल्ली से हुई। 14–15 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि को संविधान सभा से पंडित जवाहरलाल नेहरू का ऐतिहासिक 'नियति से मिलन' भाषण ऑल इंडिया रेडियो ने देश–दुनिया तक पहुंचाया। भारत विभाजन की त्रासदी के समय विस्थापित लोगों तक सूचनाएं पहुंचाने और प्रशासनिक सूचनाएं और निर्देश देने में रेडियो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 12 नवंबर, 1947 को महात्मा गांधी ने प्रसारण भवन, दिल्ली आकर कुरुक्षेत्र में बसे शरणार्थियों को संबोधित किया था। 12 नवंबर को लोकसेवा प्रसारण दिवस मनाने की घोषणा तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री सुषमा स्वराज ने की थी। स्वतंत्रता के बाद विविधताओं से भरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य रेडियो ने किया। कृषि कार्यक्रमों ने किसानों तक वैज्ञानिक खेती की जानकारी पहुंचायी। स्वास्थ्य, टीकाकरण, बाल कल्याण, पोलियो उन्मूलन और सामाजिक जागरूकता अभियानों में भी रेडियो प्रभावी माध्यम बना। 1952 से 1962 तक सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे बी. वी. केसकर के समय में शास्त्रीय और लोकसंगीत को विशेष महत्व मिला। फिल्मी गीतों की सीमित उपस्थिति के कारण श्रोताओं का रुझान रेडियो सीलोन की ओर बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप 1957 में विविध भारती प्रसारण सेवा शुरू की गई। पंडित नरेंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका से प्रारंभ हुई इस सेवा ने 'हवा महल', 'जयमाला', 'छायागीत' और 'भूले–बिसरे गीत' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम दिए। सैनिकों के लिए प्रसारित 'जयमाला' आज भी भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। 3 अक्तूबर, 1957 को ऑल इंडिया रेडियो का हिंदी नाम 'आकाशवाणी' रखा गया। वर्ष 1962 के चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत–पाक युद्ध, कारगिल संघर्ष तथा अनेक प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों का सबसे भरोसेमंद माध्यम आकाशवाणी ही रही। आकाशवाणी को समृद्ध बनाने में लियोनेल फील्डन, बुखारी बंधु, जगदीश चंद्र माथुर, पंडित नरेंद्र शर्मा, सुमित्रानंदन पंत, हरिवंश राय बच्चन, उपेंद्र अश्क, पंडित रवि शंकर, अनिल विश्वास, मेलविल डी मेलो, गिरिजा कुमार माथुर, दुष्यंत कुमार, जसदेव सिंह, देवकीनंदन पाण्डेय, विनोद कश्यप, सुरजीत सेन, बोरुन हलदार और अनेक प्रतिभाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गत 90 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, संसदीय गतिविधियों, निर्वाचन गतिविधियों, विकास योजनाओं और सरकारी नीतियां जनता तक पहुंचाने में रेडियो ने सेतु की भूमिका निभाई।

## कॉकरोच पार्टी के मुद्दे और पंजाब में उनकी प्रासंगिकता

**सत्ताधारी दल होने के नाते, आम आदमी पार्टी उच्च पायदान पर है। लेकिन कुछ चमक खो चुकी है। 'आप' सरकार इस कदर प्रचार–चालित है कि उसकी हर उपलब्धि पर संशय करना पड़ रहा है। उसके बहु प्रचारित नशा–निरोधक अभियान की सफलता जमीन पर महसूस नहीं हो रही। जहां यह श्रेय वाकई भगवंत मान सरकार को जाता है कि स्टेडियम बनवाए और खेलों को बढ़ावा दे रही वहीं ...**

दिल्ली में कॉकरोच पार्टी के धरने ने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर ध्यान खींचा जिन पर पंजाब में भी गौर करने की जरूरत है। इनमें बेरोजगारी, शिक्षा, धीमा विकास और विदेश में सिकुड़ते अवसर प्रमुख हैं। जबकि न विपक्षी दलों और न सत्ताधारी 'आप' की चुनावी योजनाओं में इन मुद्दों के भरोसेमंद हल शामिल हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की गई एक टिप्पणी, शायद गैर–इरादतन, के परिणामस्वरूप 'कॉकरोच जनता पार्टी' का अप्रत्याशित उद्भव हुआ है, पहले डिजिटल स्वरूप में और अब साक्षात रूप में भी। इसने युवाओं को अपनी ओर खींचा है, खासकर उन्हें जो शिक्षा में हुई धांधलियों से नाराज हैं या जो बेरोजगार हैं या जो कम तन्खवाह की नौकरियों में जीवन निर्वाह के लिए जूझ रहे हैं। पंजाब को ज्यादा चिंता करनी चाहिए क्योंकि अक्तूबर–दिसंबर 2025 के अवधिक श्रम सर्वे के मुताबिक, सूबे की युवा बेरोजगारी दर 19 फीसदी के साथ काफी अधिक है। चिंतनीय, कि यह अखिल भारतीय औसत (14.8 प्रतिशत) से ज्यादा है। इसकी तुलना में, हरियाणा में बेरोजगारी दर घटकर 12.4 फीसद रह गई। नौकरियां तब पैदा होती हैं, जब विकास हो। पंजाब की 6.1 विकास दर राष्ट्रीय औसत 7.4 फीसदी से नीचे है। जबकि रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर को घटाकर 6.6 फीसदी किया है। खाद की कमी और महंगे हुए वाहन ईंधन की वजह से खेती और उद्योगों पर पड़ने वाले प्रभाव से पंजाब को बड़ा नुकसान हो सकता




है। महंगाई दर बढ़ने से सामाजिक चिंताएं बढ़ेंगी। युवाओं के लिए स्थिति कुल मिलाकर बदतर होती जा रही है। डॉलर के मुकाबले गिरता रुपया जहां विदेश यात्रा और पढ़ाई को मध्य वर्ग की पहुंच से बाहर कर रहा वहीं विदेश जाकर बसने के लिए कनाडा व अमेरिका जैसे उनके पसंदीदा देश आप्रवासियों के लिए द्वार बंद कर रहे हैं। ब्रेन ड्रेन के नुकसान को एक तरफ रखें तो अगर इन देशों ने महत्वाकांक्षी युवा पंजाबियों को पलायन के बेहतर रास्ते मुहैया न कराए होते तो पंजाब में गंभीर सामाजिक उथल–पुथल देखने को मिल सकती थी। बिगड़ते आर्थिक माहौल और सिकुड़ती विदेशी राहों के असर का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। लेकिन क्या पंजाब इस उभरती कड़वी सच्चाई का सामना करने को तैयार है? अपने भविष्य को लेकर उम्मीदें खोकर, युवा नशीले पदार्थों की ओर रुख करते हैं या कभी–कभार बंदूक उठा लेते हैं। नशा और गैंगस्टर रूपी समस्याएं समाज–व्यवस्था में व्याप्त सड़न की ओर इशारा करती हैं। सरकारी एजेंसियां सिर्फ लक्षणों से जूझ रही हैं। वही नेता, जिनके पास पुराने समाधान हैं, समस्याओं का निदान नहीं कर सकते। बीते शनिवार दिल्ली के जंतर–मंतर पर 'कॉक्रोच जनता पार्टी' के धरने ने राजनीतिक वर्ग के प्रति युवाओं का अविश्वास दर्शाया। ऐसे लोकतांत्रिक आंदोलन कभी–कभी नूतन विचार युक्त नए नेता उभारते हैं। 'कॉक्रोच जनता पार्टी' की लोकप्रियता सियासी दलों को पुराने नेताओं की जगह नए होनहार चेहरे लाने को मजबूर कर सकती है। युवाओं के मुद्दे अभी न तो पंजाब में विपक्षी दलों की चुनाव नीति में शामिल हैं और न ही सत्ताधारी 'आप' की। अधिकांशतः काम चलाऊ फौरी समाधानों के भरोसे रहकर भगवंत मान बड़ी गलती कर रहे हैं। मुफ्त की रेवड़ियां लुटाकर, वे भविष्य की जलधारा में छिपे हिम–शैलों को नजरअंदाज कर, नाजुक किश्ती पर सवार हैं। वोटरों पर लुटाया जाने वाला पैसा,ठप पड़े उद्योगों, ठहरी हुई खेती और खराब सेवाओं में फिर से जान फूंकने में खर्च किया जाना चाहिए। अगर सीमित साधनों का इस्तेमाल समझदारी से विकास करने पर किया जाए, तो राजनीतिक फायदा होने में समय अवश्य लग सकता है लेकिन मिलता जरूर है। केवल अर्थपूर्ण एवं गुणवत्ता वाली कारगुजारी ही समृद्धि व कर–वसूली बढ़ा सकती है, जिससे राज्य को जरूरतमंदों की मदद करने में सहायता मिल सकती है। कर्ज लेकर भलाई कार्य करना सामान्य समझ से परे है। सबको मुफ्त में रेवड़ी बांटना अकर्मण्यता को बढ़ावा देता है। खाते–पीते पंजाबी भी राज्य पर निर्भर होकर आत्म–सम्मान खो रहे। कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने इस बिंदु को जोर देकर उठाया है। लगता है, सियासी दल अतीत से कुछ नहीं सीख रहे। उदार सब्सिडी और करदाताओं के पैसे का भारी मात्रा में इस्तेमाल खुद के प्रचार, वीआईपी सुरक्षा और हेलीकॉप्टर पर करने के बावजूद, पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और कैप्टन अमरिंदर सिंह,दोनों ही, चुनाव हार गए थे। हालिया निकाय चुनाव सबूत हैं कि 2027 के विधानसभा संग्राम में असल मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच होगा। यदि भाजपा पंजाब के लिए कोई भरोसेमंद आर्थिक मॉडल प्रस्तुत कर पाए, तभी सत्ता की गंभीर दावेदार बन सकती है। पंजाब में नए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, उद्योग और उसकी समस्याएं– जिस विषय की समझ उन्हें ज्यादा हो सकती है– पर बोलने के बजाय, जब राजनीतिक बयानबाजी और महाराजा रणजीत सिंह के खालसा राज की बातें करते हैं, तो यह उनका जमीनी हकीकत से कटे होना दर्शाता है। अंदरूनी कलह से पीड़ित कांग्रेस को ठोस दलील पेश करनी होगी कि उसे सत्ता क्यों सौंपी जाए, जबकि उसका हर वरिष्ठ नेता सर्वोच्च पद के लिए 'पहले मैं' का खेल खेल रहा है।

राहुल गांधी, बेशक, 'कॉकरोचों'के मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन क्या उनके दल के पास युवाओं के लिए कोई स्पष्ट योजना है? एआई से नौकरियों को खतरा बन गया है। क्या उनकी पार्टी ने इस मुद्दे पर गंभीर विचार किया? कौन सा नेता ज्यादा वोट दिला सकता है इस हेतु पता लगाने को सर्वे करना काफी नहीं। पंजाब में पार्टी की डाल और जड़ स्तर पर कारगुजारी का पुनरावलोकन करने की जरूरत है। आजमाए–असफल नेताओं की जगह उन लोगों को लाए, जिनके पास नजरिया हो, ऊर्जा से लबरेज हों और पंजाब के पुनरूविकास में मददगार हो सकें।



# कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, अवैध बालू खनन सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर निषाद पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश





**बस्ती।** बुधवार को निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक निषाद और प्रदेश महासचिव दीपू निषाद के नेतृत्व में 4 सूत्रीय मांगों को लेकर पदाधिकारी, कार्यकर्ता लालबहादुर शास्त्री चौक पर एकत्र हुये और प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि जनहित की समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराया जाय और जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर थाना, पुलिस चौकी पहुंचने वाले कार्यकर्ताओ के उत्पीड़न की जगह उनकी बातों को सुनकर समाधान कराया जाय। डीएम, एस.पी. को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कुछ समय से क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए चंदन निषाद हत्याकांड की प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष एवं गहन जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाय, दुबौलिया थाना क्षेत्र के बरदिया लोहार क्षेत्र में संचालित अवैध बालू खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इन अवैध बालू खादानों के कारण गांव कटान पर होने के कारण बाढ आने पर गांव कभी भी नदी की मुख्य धारा में समाहित हो सकता है, संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्रामवासियों को इस समस्या से राहत दिलाया जाय, निषाद पार्टी के प्रदेश महासचिव दीपू निषाद के नगर थाना पर पहुंचने के दौरान उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार तथा थाना प्रभारी नगर एवं चौकी इंचार्ज करहली द्वारा अभद्रता किए जाने की घटना के कारण शासन–प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है।रू संबंधित थाना प्रभारी एवं चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए, निषाद पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न सरकारी विभागों में उचित सम्मान नहीं दिया जाता तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण भी नहीं किया जाता है, ऐसी स्थिति में सभी विभागों को निर्देशित किया जाए कि जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक निषाद और प्रदेश महासचिव दीपू निषाद ने कहा कि पार्टी सरकार में शामिल है इसके बावजूद अधिकारी, थाना, पुलिस चौकी आदि मे निषाद पार्टी पदाधिकारियों की बात तक सुनने को तैयार नहीं हैं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मनीषा निषाद, धर्मराज निषाद, ज्ञान प्रकाश निषाद, अनिल कुमार निषाद, मिथलेश कुमार निषाद, जमुना निषाद, धनपत निषाद, अजय कुमार निषाद, प्रभात निषाद, अजय निषाद, रोहन निषाद, सी.पी. निषाद, लुदड़ी निषाद, राम सरन निषाद, राम सुमेर निषाद, राम प्रसाद निषाद, रामवंदन निषाद, बेचन निषाद, अर्जुन निषाद, मोनू निषाद, राम पराग, भीमसेन, रामजगत, फूलचन्द, राम अचल, विजय कुमार, इन्द्रावती निषाद, रोहिणी निषाद, हरि प्रसाद साहनी, सोहन लाल निषाद, वृजमोहन निषाद आदि शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक 4399 दिन के सर्वाधिक कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा बस्ती ने सभी 26 मंडलों में किया विशेष पूजन–अर्चन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सर्वाधिक 4399 दिन का स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण करने के ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बस्ती द्वारा जिले के सभी 26 मंडलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन–अर्चन, हवन, प्रार्थना सभाओं एवं सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की निरंतर समृद्धि की कामना की गई। कप्तानगंज स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशेष पूजन–अर्चन एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा कप्तानगंज मंडल अध्यक्ष गौरव मणि तिवारी ने की। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के सतत नेतृत्व के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने अपने संदेश में कहा। ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐतिहासिक कार्यकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। यह उपलब्धि केवल किसी



व्यक्ति की राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के विश्वास, आशा और आकांक्षाओं की विजय है। पीएम मोदी ने श्राष्ट्र प्रथमश की भावना और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है।ष जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार–प्रसार ने देशवासियों के आत्मगौरव को नई ऊंचाई दी है। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि और हर घर जल जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है। बस्ती सदर विधानसभा के सांऊघाट मंडल अंतर्गत कडर मंदिर में भी एक।विशेष पूजन–अर्चन एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सुभाष यदुवंश (प्रदेश महामंत्री एवं डस्ब) उन्होंने कहा कि जनकल्याण एवं राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली मोदी सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया है। शविकसित भारतश का संकल्प आज जन–जन का संकल्प बन चुका है। दयाराम चौधरी (पूर्व विधायक, बस्ती सदर) उन्होंने कहा कि सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल क्रांति और गरीब कल्याण के क्षेत्र में हुए कार्य देश के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होंगे जिले के सभी 26 मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शविकसित भारत 2047श के संकल्प को साकार करने हेतु जन–जागरण और जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों का समापन प्रसाद वितरण एवं ष्भारत माता की जयष तथा ष्वंदे मातरमष के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ। इस अवसर पर दिलीप पांडेय , अमृत वर्मा, मंडल अध्यक्ष कामेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष विशुद्धानंद त्रिपाठी, पवन चौधरी, उदयभान, ओम प्रकाश चौधरी, गिरजेश, रामकृपाल, जनार्दन विश्वकर्मा, राजन पांडेय, विनोद शुक्ला, रिंकू पाठक सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के नए नियम! मुंह ढकने पर रेड कार्ड से लेकर 5–सेकंड काउंटडाउन तक, देखें पूरी लिस्ट

फुटबॉल जगत के सबसे बड़े महाकुंभ, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का काउंटडाउन खत्म हो चुका है। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट फुटबॉल इतिहास का सबसे अनोखा टूर्नामेंट होने जा रहा है। खेल को और अधिक पारदर्शी, अनुशासित और तेज बनाने के लिए फुटबॉल के नियम बनाने वाली संस्था **IFAB** (इन्टरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड) ने कई ऐतिहासिक और कड़े बदलावों को मंजूरी दी है। खिलाड़ियों के व्यवहार, सब्स्टिटयूशन (खिलाड़ी बदलना), वीडियो असिस्टेंट रेफरी के अधिकार और टाइम वेस्टिंग (समय की बर्बादी) को लेकर लागू होने वाले इन नए नियमों की पूरी लिस्ट नीचे दी गई है




मुंह ढकने पर रोक

सबसे बड़े बदलावों में से एक खिलाड़ियों के बीच होने वाली बहस या टकराव से जुड़ा है। जो फुटबॉलर विरोधी खिलाड़ी से बहस करते समय अपना मुंह हाथ, बांह या शर्ट से ढकेंगे, उन्हें अब रेड कार्ड दिखाया जाएगा। यह नियम चौंपियंस लीग सीजन के दौरान रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर और बेनफिका के जियानलुका प्रेस्टियानी के बीच हुई एक घटना के बाद बनाया गया है।

देरी और सजा

सब्स्टिट्यूशन के लिए भी समय के कड़े नियम होंगे। बदले जाने के बाद, खिलाड़ी को सबसे नजदीकी रास्ते से 10 सेकंड के अंदर मैदान छोड़ना होगा। ऐसा न करने पर, सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी को खेल के अगले रुकाव तक मैदान में आने से रोका जाएगा, जिससे उस दौरान टीम एक खिलाड़ी कम के साथ खेलेगी। अगर अगला रुकाव एक मिनट के अंदर होता है, तो इंतजार जारी रहेगा। रेफरी को खेल फिर से शुरू होने (रीस्टार्ट) के दौरान होने वाली देरी से निपटने के लिए ज्यादा अधिकार दिए गए हैं। अगर थ्रो–इन या कॉर्नर किक में बहुत ज्यादा देरी होती है, तो अधिकारी पांच सेकंड का काउंटडाउन शुरू कर सकते हैं। अगर तय समय में खेल फिर से शुरू नहीं किया जाता है, तो गेंद का कब्जा बचाव करने वाली टीम को दिया जा सकता है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने होस्ट वेन्यू पर खेलने की स्थितियों और ज्यादा तापमान को देखते हुए हर हाफ में श्हाइड्रेशन ब्रेकश (पानी पीने के लिए ब्रेक) भी शुरू किए हैं।

**VAR** की जिम्मेदारियों में बढ़ोतरी मुकाबले से पहले **VAR** की जिम्मेदारियों को बढ़ाया गया है। अधिकारी अब गलत तरीके से दी गई कॉर्नर किक की समीक्षा कर सकेंगे, बशर्ते खेल फिर से शुरू करने में देरी न हुई हो। रीस्टार्ट की स्थिति से खेल शुरू होने से पहले किए गए अटैकिंग फाउल की भी समीक्षा की जा सकेगी।

**VAR** का अतिरिक्त दखल तब भी हो सकता है जब दूसरा पीला कार्ड साफ तौर पर गलत हो या गलत पहचान के कारण किसी गलत खिलाड़ी के खध्लिाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

अतिरिक्त नियमः मेडिकल ट्रीटमेंट की प्रक्रियाओं में भी बदलाव किए गए हैं। जिन आउटफील्ड खिलाड़ियों का इलाज होता है, उन्हें वापस आने से पहले एक मिनट तक मैदान से बाहर रहना होगा। गोलकीपर, आपस में टकराने वाले खिलाड़ी और गंभीर चोटों से जूझ रहे खिलाड़ियों को इस नियम से छूट दी गई है। एक और बदलाव टीम के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। अगर कोई खिलाड़ी रेफरी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर जाता है, तो उसे रेड कार्ड मिलेगा। ऐसे काम के लिए बढ़ावा देने वाले कोच को भी वैसी ही सजा मिलेगी। विरोध के कारण मैच रद्द होने के लिए जिम्मेदार टीमों को मैच हारना भी पड़ सकता है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक ने किया कीर्तन, हवन- पूजन का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश





**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को हर्रैया विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में पौराणिक बाबा गोकुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, रानीगांव में कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, हवन–पूजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और देश की उन्नति, समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना करते हुए भगवान शिव का पूजन–अर्चन किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ तथा भजन–कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक वातावरण में सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति और विकास के लिए मंगलकामना की। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक अजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ सरकार ने जनहित की अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है। पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को भी नई ऊर्जा प्रदान की है। हम सभी प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

# टी20 विश्व कप के फौरन बाद पाकिस्तान महिला क्रिकेट का श्रीलंका दौरा, होगी 6 मैचों की सीरीज

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड में आईसीसी टी20 विश्व कप खत्म होने के कुछ दिन बाद अपनी राष्ट्रीय महिला टीम के लिए श्रीलंका में सीमित ओवरों की एक श्रृंखला का इंतजाम किया है। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों अभी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन में हैं। यह टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा और पांच जुलाई को खत्म होगा। पीसीबी के मुताबिक पाकिस्तान की महिला टीम सीमित ओवरों के छह मैच के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी जो 23 जुलाई से शुरू होंगे। सभी छह मैच महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच पहले 23 जुलाई से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला होगी जो आईसीसी महिला चौंपियनशिप 2025–29 का हिस्सा है। दो अन्य मैच 25 और 28 जुलाई को होंगे। एकदिवसीय श्रृंखला के बाद पाकिस्तान तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय भी खेलेगा जो 31 जुलाई, दो तथा चार अगस्त को होंगे।

# प्रोजेक्ट 18 डिस्ट्रयर आखिर है क्या ? जिसने चीन–पाकिस्तान दोनों की उड़ा दी नींद

प्रोजेक्ट 18 एक ऐसा प्रोजेक्ट जो भारतीय नौसेना की तस्वीर बदल देगी। समंदर में इंडियन नेवी को सिकंदर बना देगा। चीन पाकिस्तान जैसे देश समंदर में भारत की ताकत का मुकाबला भी नहीं कर पाएंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत अब सिर्फ सामान्य युद्धपोत यानी डिस्ट्रयर नहीं बल्कि उससे कहीं बड़ा और दुनिया का सबसे शक्तिशाली क्रूजर क्लास युद्धपोत बनाने की तैयारी में है। यह नया जहाज भारतीय नौसेना का अब तक का सबसे बड़ा और घातक सरफेस वॉरशिप होगा जो समंदर में दुश्मनों के होश उड़ा देगा। ग्रीक सिटी टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि इस जहाज का वजन करीब 11,000 से 13,000 टन के बीच होगा और इसकी लंबाई लगभग 180 मीटर तक हो सकती है। यानी यह समंदर में तैरते हुए एक किले की तरह दिखाई देगा। इस महाविशाल जहाज को चलाने के लिए इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन यानी आईईपी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।




यह एक ऐसी एडवांस तकनीक है जो जहाज को बहुत ज्यादा बिजली देगी। सबसे बड़ी बात यह समंदर के अंदर बिल्कुल भी आवाज नहीं करेगा। इससे दुश्मन की पनडुब्बियां इसे ढूंढ नहीं पाएंगी और यह चुपके से अपना काम कर सकेगा। इस जहाज को मिलने वाली भारी भरकम बिजली का इस्तेमाल भविष्य के खतरनाक हथियारों को चलाने में होगा। इसमें बेहद एडवांस रडार सिस्टम और डायरेक्टेड एनर्जी पर लगाए जाएंगे। जो पलक झपकते ही दुश्मन के मिसाइलों और विमानों को हवा में ही भस्म कर देंगे। यह जहाज पूरी तरह से डिजिटल और ऑटोमेटिक होगा। हाईटेक मशीनों के कारण इस जहाज को चलाने के लिए मौजूदा जहाजों के मुकाबले 25 से 30: कम क्रूड की जरूरत पड़ेगी। इससे नौसेना का खत भी बचेगा और काम भी तेजी से होगा। यह युद्धपोत सिर्फ खुद लड़ाई नहीं लड़ेगा बल्कि समंदर का बॉस बनकर काम करेगा।

यह एक मल्टीडोमेन कमांड हब होगा जो आसमान में उड़ने वाले ड्रोन समंदर की सतह पर तैरने वाले बिना इंसानों की नाभव और पानी के नीचे चलने वाले ड्रोन को एक साथ कंट्रोल और गाइड कर सकेगा। इस युप्पोध की सबसे हैरान करने वाली बात इसका घातक वेपन सिस्टम है। प्रोजेक्ट 18 के तहत इस जहाज में 144 वर्टिकल लॉन्च सिस्टम सेल्स होने की उम्मीद है। इसके अलावा इस जहाज के बीच के हिस्से में स्लंट लांचर भी लगाए जा सकते हैं।

हथियारों का यह महाविनाशक कॉम्बिनेशन इसे पूरे एशिया का सबसे भारी और खतरनाक हथियारों वाला युद्धपोत बना देगा। दुश्मनों के लिए इस जहाज को छू पाना भी नामुमकिन होगा। यह युद्धपोत एक मजबूत और कई परतों वाले एयर और मिसाइल डिफेंस सिस्टम से पूरी तरह से लैस होगा। इतना ही नहीं इस जहाज में खास एंटीबलेस्टिक मिसाइल सिस्टम भी होगा जो 250 से 350 किलोमीटर की दूरी से ही दुश्मन की बैलेस्टिक मिसाइलों को पहचान कर उन्हें हवा में ही मलबे में तब्दील कर देगा।

# दबंगों पर कुएं का पानी को प्रदूषित करने का आरोप

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रारीकला निवासी नेहा चौहान पत्नी राजन चौहान ने गांव के ही कुछ दबंगों पर कुएं के पानी को प्रदूषित करने, मारपीट करने तथा आभूषण व मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।नेहा चौहान का आरोप है कि उनके घर के सामने स्थित एक कुआं उनके पूर्वजों द्वारा बनवाया गया था, जिसका उपयोग उनका परिवार वर्षों से पेयजल एवं अन्य घरेलू कार्यों के लिए करता आ रहा है। आरोप है कि गांव के राजेश चौहान, सुरेश चौहान, पिंटू चौहान, नीलम देवी, पंपा देवी, नंदिनी चौहान एवं कोमल सहित अन्य लोग लगातार कुएं में गोबर, मिट्टी व अन्य गंदगी डालकर पानी को प्रदूषित कर रहे हैं।पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर आरोपीगण विवाद और गाली–गलौज करते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में थाना बदलापुर में शिकायत की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान भी किया था। इसके बावजूद आरोपियों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप लगाया गया है कि आरोपीगण उनके घर में घुस आए, मारपीट की, अभद्रता की तथा उनका मोबाइल फोन और पहने हुए आभूषण छीन लिए। जब परिजनों ने इस संबंध में शिकायत की तो आरोपियों ने उन्हें भी गाली–गलौज कर भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न, 21 जून को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा मुख्य आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह (15 जून से 21 जून 2026) के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शासन के दिशा–निर्देशों के अनुरूप भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ–सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, विद्युत व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है और इसके प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। बैठक में संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय मुख्य योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, योग प्रशिक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिनाईं उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। देश आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष के मंत्र के साथ देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने के लिए सभी नागरिकों को राष्ट्रहित एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नंदू गौड़, राम कुमार तिवारी, शिवशक्ति शर्मा, राजकुमार मोदनवाल, रंजीत मित्तल, दिनेश कुमार, बबलू गौड़, वीरेंद्र गौड़, राममिलन चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आवास प्लस सर्वेक्षण–2024 को लेकर 11 जून को होगा ग्राम पंचायत सचिवों और बीडीओ का प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण–2024 की स्थायी पात्रता सूची तैयार किए जाने को लेकर जनपद के ग्राम पंचायत सचिवों एवं खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) का प्रशिक्षण 11 जून को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) द्वारा प्रशिक्षण आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश तथा जिलाधिकारी की अनुमति के क्रम में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से लोहिया कला भवन, सिद्धार्थनगर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत आवास प्लस सर्वेक्षण–2024 से संबंधित दिशा–निर्देशों एवं पात्रता सूची तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि सर्वेक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त बस्ती मंडल तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

## खेसरहा में अधूरा पड़ा आंगनबाड़ी केंद्र, ग्रामीणों ने जल्द निर्माण पूरा कराने की मांग उठाई

दैनिक बुद्ध का संदेश



खोसरहा। विकासखंड खेसरहा की ग्राम पंचायत चोरईताल स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र लंबे समय से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य बंद होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि केंद्र के शुरू न होने से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कई माह पहले शुरू हुआ था, लेकिन कुछ कार्य पूरा होने के बाद निर्माण अचानक बंद हो गया। इसके बाद से भवन अधूरा खड़ा है और निर्माण स्थल पर कोई गतिविधि नहीं दिखाई दे रही है। ग्राम पंचायत के प्रशासक श्री राम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण नीति आयोग के तहत जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू करने के बाद बीच में ही छोड़ दिया, जिससे परियोजना अधर में लटक गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण अखिलेश का कहना है कि केंद्र बनने से गांव के नौनिहालों के लिए बेहतर शिक्षण और पोषण सुविधाएं उपलब्ध होतीं, वहीं गर्भवती और धात्री महिलाओं को भी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल पाता। केंद्र के अधूरा रहने से ग्रामीणों की उम्मीदों को झटका लगा है। सुनीता देवी ने चिंता जताते हुए कहा कि अधूरा भवन बारिश और मौसम की मार झेल रहा है। यदि निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ तो भवन की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ–साथ सरकारी धन की भी क्षति हो सकती है। इस मामले में एडीओ पंचायत विकास चौधरी ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य विकासखंड प्रशासन द्वारा नहीं कराया जा रहा है, बल्कि किसी अन्य कार्यदायी संस्था के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसलिए निर्माण कार्य की स्थिति और प्रगति के संबंध में वही संस्था अधिकृत रूप से जानकारी दे सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराकर जिम्मेदार एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराकर आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण कराने की मांग की है, ताकि गांव के बच्चों और महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में की साफ–सफाई, दिया स्वच्छता का संदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कठेला स्थित समय माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ–सफाई कर स्वच्छता एवं जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री साधना चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। स्वच्छ भारत अभियान सरकार की सबसे सफल जनभागीदारी आधारित योजनाओं में से एक है, जिसने स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बेहतर स्वास्थ्य का आधार होने के साथ–साथ समाज की जागरूकता और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं बढ़नी नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है और स्वच्छता अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजन सिद्धार्थ पाठक ने किया। स्वच्छता अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ–सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि, भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी, मंडल अध्यक्ष कठेला श्यामू गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खेसरहा सीएचसी में बाल रोग विशेषज्ञ का अभाव, इलाज के लिए भटक रहे परिजन

दैनिक बुद्ध का संदेश




खेसरहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खेसरहा में बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से क्षेत्रीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के बेहतर उपचार के लिए परिजनों को गोरखपुर, बस्ती और जिला मुख्यालय के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सीएचसी पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे उपचार के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बाल रोग विशेषज्ञ के अभाव में उन्हें आवश्यक परामर्श और विशेषज्ञ उपचार नहीं मिल पाता। कई मामलों में बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल रेफर कर दिया जाता है, जिससे परिजनों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों के अनुसार खेसरहा और आसपास के दर्जनों गांवों की आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इसी केंद्र पर निर्भर है। इसके बावजूद यहां बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होना चिंता का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बच्चों को इलाज के लिए बाहर ले जाना काफी कठिन होता है। कई बार समय पर विशेषज्ञ उपचार न मिलने से मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि सीएचसी खेसरहा में शीघ्र बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और परिजनों को दूर–दराज के अस्पतालों का चक्कर न लगाना पड़े।

# खेसरहा में बदहाल पड़ा सामुदायिक शौचालय, गंदगी से उपयोग करना हुआ मुश्किल

दैनिक बुद्ध का संदेश





खोसरहा। विकासखंड खेसरहा की ग्राम पंचायत ढोढौरा के राजस्व गांव दुर्गवा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय बदहाली का शिकार हो गया है। रखरखाव के अभाव में परिसर में गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शौचालय परिसर में झाड़–झंखाड़ उग आए हैं। पानी की व्यवस्था के लिए लगाया गया हैंडपंप और मोटर भी गायब हैं। भवन के कई दरवाजे टूट चुके हैं, जबकि दीवारों और फर्श की टाइलें उखड़ने लगी हैं। इससे शौचालय का उपयोग लगभग बंद हो गया है और भवन धीरे–धीरे जर्जर होता जा रहा है। शौचालय की केयरटेकर विमलावती ने बताया कि उन्हें कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भुगतान नहीं होने से साफ–सफाई और संचालन व्यवस्था प्रभावित हुई है। ग्रामीण महिला सुमावती सीमा पवन ने कहा कि शौचालय में न तो नियमित सफाई होती है और न ही पानी की सुविधा उपलब्ध है। टूटे दरवाजों और क्षतिग्रस्त संरचना के कारण लोग इसका उपयोग करने से बच रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मरम्मत और संचालन बहाल कराने की मांग की। इस संबंध में ग्राम प्रधान जाबिर अली ने बताया कि केयरटेकर के मानदेय भुगतान से जुड़ी कुछ प्रक्रियाएं लंबित हैं। शौचालय की अन्य समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक मरम्मत और व्यवस्था बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से सामुदायिक शौचालय की जांच कराकर शीघ्र मरम्मत, नियमित साफ–सफाई तथा सुचारु संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं मिल सकें।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लोटन में स्वच्छता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश



लोटन/सिद्धार्थनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा लोटन स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनसंपर्क एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदर विधायक श्यामधनी राही एवं भाजपा लोटन मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ–सफाई कर वृक्षारोपण किया। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वहीं डॉ. संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदीप मोदनवाल, संतोष पाण्डेय, संदीप मद्धेशिया, शिवम विश्वास, पवन मोदनवाल, बब्लू गुप्ता, आनंद प्रकाश गौड़, नंद किशोर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# लोटन गॉव के लोगों को अपराध व साईबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश




लोटन/सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साईबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम के द्वारा बुधवार को कस्बा लोटन बाजार में गांव के लोगो को साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी तथा वर्तमान में हो रहे पैसो की धोखाधडी/साईबर फ्राड व सोशल मीडिया (वाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर–ग जैसे सोशल प्लेटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग से हो रहे अपराधो के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और छब्ब्ट पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशो से अवगत कराया गया। साथ ही किसी भी संदिग्ध ईमेल, कॉल या संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक न करें या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि आवश्यक हो, तो सीधे संगठन की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें। अत्यधिक आकर्षक ऑफ़र वाले विज्ञापनों या सोशल मीडिया पोस्ट से सावधान रहें। अपने सभी डिवाइसों को लॉक, पिन या बायोमेट्रिक सुरक्षा से सुरक्षित करें। सभी ऑनलाइन खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग करने से बचें। व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी कभी भी किसी अज्ञात फोन कॉल या ईमेल पर साझा न करें।अज्ञात स्रोतों से आए लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से बचें।अपने सभी उपकरणों पर एंटी–वायरस सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करें और उसे अपडेट रखें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें।ऑनलाइन खरीददारी के लिए केवल सुरक्षित वेबसाइट्स का ही उपयोग करें।

# विधायक ने ग्राम चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं, योजनाओं की दी जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीरनगर। विधायक अनिल त्रिपाठी ने बुध्दवार को विकास खण्ड क्षेत्र के गांव डमरुवार में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रमों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हुए गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र








मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है तथा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई सुविधाओं और आधुनिक .षि संसाधनों का लाभ मिल रहा है। वहीं युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और मातृ–शिशु कल्याण योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने प्रदेश में बेहतर हुई कानून–व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और विकास कार्यों को गति मिली है। चौपाल के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसी दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार द्विवेदी, एडियो पंचायत अधिकारी, आनन्द मोहन,ग्राम विकास अधिकारी अवनीश कुमार गौड़, संजय कुमार, अभिनव रवि वस्त,अक्षय कुमार, शिवम् दूबे, पंचायत सहायक स्नेहलता, अशोक कुमार द्विवेदी, तारेश द्विवेदी, नागेन्द्र पाठक,सोनू दूबे,देव प्रताप सिंह,अमरीश मिश्रा , प्रमोदगौतम, बालगोविन्द, विशालमिश्रा, दयाशंकर, रोजगार सेवक श्रीभागवत, सत्यप्रकाश चौबे,सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नकल पर सख्त निगरानी, परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का डीएम–एसपी ने लिया जायजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। तृतीय दिवस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के सफल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने




पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, मुड़ीलाडीह जय घोरावल परीक्षा केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास प्रबंधन, परीक्षा कक्षों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

# कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया जाता है कि खरीफ अभियान–2026 में यूरिया उर्वरक की बढ़ती मांग को .ष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के उपरांत जनपद सोनभद्र की 63 बी–पैक्स, 10 अन्य सहकारी समितियों तथा इफको की 13 फ्रेंचाइजी केंद्रों हेतु कुल 1482.750 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक के आवंटन को जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ द्वारा स्वी.ति प्रदान की गई है।

आवंटन के सापेक्ष पीसीएफ द्वारा संबंधित सहकारी समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में .षि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था की प्रतिदिन निगरानी कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को .षि कार्यों के दौरान किसी प्रकार की समस्या से बचाना है। खरीफ फसल की रोपाई के समय उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।. षक बंधुओं से अपील की जाती है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक केंद्र से संपर्क कर उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें तथा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक क्रय करें। यदि कहीं भी कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा .त्रिम अभाव की सूचना प्राप्त होती है तो इसकी जानकारी तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9198788248, 9451637073 अथवा जिला .षि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 9452165778 एवं अपर जिला .षि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8881173660 पर दें, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जिला .षि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, एडीसीओ कोऑपरेटिव सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार जन जन तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है : विधायक अनिल मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। विकास खण्ड करमा सभागार में बुद्धवार को भाजपा सरकार के सुशासन के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों से देश एवं प्रदेश में विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, गरीबों के




एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध जनों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक घोरावल डॉ, अनिल कुमार मौर्य नेउपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश कल्याण के साथ आत्म निर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणका री योजनाओ की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। खण्ड विकास अधिकारी गुरुशरन श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। गोपाल सिंह, राजेश मिश्रा, उदयनाथ मौर्य आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया।उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार मौर्य ,बालेंदु पटेल,,प्रसन्न पटेल, आशुतोष कुमार सिंह अंकुर, मण्डल अध्यक्ष, विकास सिंह, गोपाल सिंह, राजेश मिश्रा, उदय नाथ मौर्य, विशाल सिंह,भगवती प्रसाद शुक्ला, कुंदन सिंह बालेंदु पटेल, उमाकांत मिश्रा, विनोद कुमार,संतोष कुमार मौर्य,लोकनाथ बिंद, अमरनाथ मौर्या, पंकज सिंह, रविंद्र बहादुर सिंह , संत सिंह,श्याम बिहारी, अजय कुमार सोनकर, ओंकार तिवारी,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विंध्यवासिनी मिश्र लहरी ने किया।

## ग्राम पंचायतों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित


दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वगीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2026 हेतु ग्राम पंचायतों की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 जून 2026 को कर दिया गया है। अंतिम मतदाता सूची की प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में आमजन के निरीक्षण हेतु उपलब्ध करा दी गई हैं। जनपद के सभी पात्र मतदाता संबंधित कार्यालयों में जाकर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## बोट सब्सिडी व मत्स्य पालन योजना के लिए करें आवेदन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्सय ने अवगत कराया है कि



वित्तीय वर्ष 2026–27 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना हेतु अर्ह कोई मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों को अच्छादि करने के लिए आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल दिनांक 08.06.2026 से खोला गया है आवेदन करने की अन्तिम तिथि 28.06.2026 है योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण व विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य द्वितीय तल विकास भवन सोनभद्र पर सम्पर्क कर सकते है।

## बहन के घर आए युवक ने लगाई फांसी

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छेद्दू का डेरा अपनी बहन की ससुराल आए 20 वर्षीय युवक ने शाम गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बतनीपुर गांव निवासी गजराज का पुत्र इन्द्रजीत एक सप्ताह पूर्व अपनी बहन मंजूद की ससुराल छेद्दू का डेरा गांव आया था। बताते हैं कि शाम वह घर से शौचक्रिया के बहाने घर से निकला, गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बीत जाने पर जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। एक घन्टे बाद गांव के बाहर पेड़ से इन्द्रजीत का शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता–पुत्री घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के खम्भापुर में सुबह पिकअप की चपेट में आकर पिता–पुत्री घायल हो गए। जिन्हे उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर गांव निवासी देवचंद (55) अपनी 17 वर्षीय पुत्री के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। जैसे ही उनकी बाइक खम्भापुर के पास पहुंची, तभी एक पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे पिता–पुत्री घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकारी एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

## संगोलीपुर मोरंग खदान पर अनियमित खनन का आरोप

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के किशनपुर थाना क्षेत्र स्थित संगोलीपुर मडैय्यन मोरंग खदान एक बार फिर विवादों में है। ग्रामीणों ने खदान संचालक पर एनजीटी की नियमावली की अनदेखी करते हुए प्रतिबंधित बड़ी बूम वाली मशीनों से दिन–रात बड़े पैमाने पर मोरंग खनन कराने का आरोप लगाया है। साथ ही खदान क्षेत्र में भारी मात्रा में मोरंग के भंडारण तथा ओवरलोड वाहनों से परिवहन किए जाने की शिकायत भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार खदान में कथित अनियमितताओं से जुड़े वीडियो और फोटो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय इन्हें पुराना बताकर मामले से पल्ला झाड़ रहे हैं। इससे क्षेत्रीय लोगों में प्रशासन और खदान संचालक के बीच मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी खदान में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर खनन निदेशालय की टीम ने आकस्मिक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर खनन अधिकारी द्वारा खदान संचालक के खिलाफ अवैध खनन की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। वहीं जिला प्रशासन ने लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

# डॉ. ओम शंकर तिवारी समेत कई लोग रालोद में शामिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय, सोनभद्र में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मिर्जापुर मंडल सचिव डॉ. ओम शंकर तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने ग्रहण कराई तथा सभी नवागंतुक सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संतोष खरवार, श्रीमती संजू यादव, संतोष यादव, आनंद कुमार त्रिपाठी, पंकज शुक्ला एवं शुभम चतुर्वेदी प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. ओम शंकर तिवारी एवं उनके साथियों ने कहा कि वे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के किसान, मजदूर एवं ग्रामीण भारत के उत्थान हेतु किए गए कार्यों तथा उनके सिद्धांतों से




प्रेरित हैं। साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी द्वारा किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हुए हैं। उन्होंने संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने एवं पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है। पार्टी की जनहितकारी नीतियों एवं नेतृत्व की सकारात्मक सोच के कारण विभिन्न दलों एवं सामाजिक संगठनों से लोग लगातार राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं। उन्होंने नवागंतुक सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव युवा विवेक चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्षगण डॉ. विजय पटेल, उदय प्रकाश पटेल एवं चंद्रशेखर विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता मनदीप सिंह, जिला अध्यक्ष युवा प्रशांत विष्णु सिंह, आकाश मौर्य समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला संगठन महासचिव पवन शुक्ला ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नव सदस्य बने साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## खरीफ अभियान, उर्वरक उपलब्धता एवं सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में 09 जून 2026 को .षि एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला .षि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक पीसीएफ, इफको प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ अभियान 2026 के अंतर्गत उर्वरक, बीज एवं अन्य .षि निवेशों की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, डायवर्जन अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संभावित एलनीनो प्रभाव के कारण वर्षा में अनियमितता की आशंका व्यक्त करते हुए किसानों से कम पानी वाली फसलों एवं दलहनी फसलों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे जल संरक्षण के साथ–साथ मृदा उर्वरता भी बनी रहेगी। सहकारिता विभाग की समीक्षा में सहकारी समितियों के नियमित संचालन, उर्वरक वितरण एवं सहकारी देयों की वसूली की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# खरीफ सीजन को लेकर डीएम ने की उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा

### ओवररेटिंग व टैगिंग पर सख्त चेतावनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। खरीफ 2026 सीजन को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं एवं उर्वरक प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण, रैक प्वाइंट पर आपूर्ति, रियल टाइम एक्नॉलेजमेंट, उर्वरक दरों की गणना, टैगिंग पर रोक, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा पीओएस मशीनों की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विक्रेताओं और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने निर्धारित





मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री तथा गैर–अनुदानित उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग रोकने संबंधी सुझाव भी दिए। जिला .षि अधिकारी ने बताया कि 10 जून 2026 तक जनपद में यूरिया 29,932.331 मीट्रिक टन, डीएपी 6,554.867 मीट्रिक टन, एमओपी 552.166 मीट्रिक टन तथा एनपीके 6,876.778 मीट्रिक टन उपलब्ध है, जिससे धान की नर्सरी और रोपाई के दौरान किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, उर्वरक बिक्री दर एवं अनुदान संबंधी लेक्स बैनर प्रदर्शित करने तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री न करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि उर्वरकों की टैगिंग या ओवररेटिंग की शिकायत मिलने अथवा निरीक्षण में दोषी पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, मकान नं0- 176, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टॉवर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद- बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ.प्र.-271201 से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद- सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# फिल्म है जवानी तो इश्क... का धमाकेदार टाइटल ट्रैक रिलीज, सुनकर झूम उठेगा दिल




वरुण धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है सिनेमाघरों में रिलीज होकर दर्शकों का दिल जीत रही है। इस बीच, निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार टाइटल ट्रैक जारी कर दिया है। टिप्स फिल्म्स के यूट्यूब चौनल पर आया यह गाना फिल्म के सभी कलाकारों की झलक को दिखाता है। गाने को जावेद और मोहसिन ने मिलकर तैयार किया है। इसके बोल मोहसिन शेख ने लिखे हैं।

कहानी जस (वरुण धवन) के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसकी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) उसे तलाक देने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि वह उसकी सेक्सुअल इच्छाओं के साथ तालमेल नहीं बिठा पाती. यह बात जस के लिए दुखद है क्योंकि वह पिता बनने के लिए बहुत बेताब है. आखिरकार जस, प्रीत (पूजा हेगड़े) के साथ आगे बढ़ता है. असली गड़बड़ तब शुरू होती है जब दोनों महिलाएं प्रेग्नेंट हो जाती हैं – और वह दोनों बच्चों का पिता होता है. है जवानी तो इश्क... टाइटल ट्रैक, फिल्म बीवी नंबर 1 (1999) में मौजूद इसी नाम के लोकप्रिय गाने का रीक्रिएटेड वर्जन है, जिसे सलमान खान पर फिल्माया गया था। इसका संगीत अनु मलिक ने तैयार किया है, जबकि आवाज शंकर महादेवन और हेमा सरदेसाई की है। फिल्म की बात करें, तो यह 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। डेविड धवन द्वारा निर्देशित इसमें जिमी शेरगिल, मनीष पॉल, चंकी पांडे, राजपाल यादव और मौनी रॉय जैसे सितारे हैं।

# रियलिटी शो मां है ना में शिल्पा शेट्टी के साथ अभिनेत्री निकिता रावल भी आएंगी नजर



जी5 12 जून को एक नया कॉमेडी–कुकिंग रियलिटी शो मां है ना लेकर आ रहा है। इस सीरीज में निकिता रावल के साथ शिल्पा शेट्टी भी नजर आएंगी। मां है ना एक ऐसा शो है जो खाने, हंसी–मजाक और परिवार की प्यारी कहानियों के जरिए मातृत्व को सलाम करेगा।

इसमें आपको दिल छू लेने वाले पल और ढेर सारा मनोरंजन देखने को मिलेगा, क्योंकि यह शो मां के असल जज्बे को खूबसूरती से पेश करता है।

निकिता इस शो में एक नए अवतार में दिखेंगी और वे शिल्पा के साथ मिलकर शो की रौनक बढ़ाएंगी। शिल्पा खाने के प्रति अपने प्रेम और पारिवारिक मूल्यों के लिए हमेशा से जानी जाती हैं।

दोनों की जुगलबंदी पर्दे पर एक अलग ही ऊर्जा भरेगी, जो इस शो का मुख्य आकर्षण होगी।

परिवार के मजबूत रिश्तों पर एक अनूठा नजरिया पेश करने और प्रेरणादायक कहानियों से भरा मां है ना इस साल जी5 पर आने वाले सबसे खास शोज में से एक साबित हो सकता है।

# हुमा कुरैशी की फिल्म बेबी डू डाई डू की पहली झलक जारी, चौंकाएगा अभिनेत्री का अंदाज

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी पर्दे पर हमेशा अलग–अलग तरह के किरदार निभाने में विश्वास रखती हैं। उनकी आगामी फिल्म बेबी डू डाई डू में कुछ ऐसा ही नजर आया है, जिसकी



पहली झलक जारी हो गई है। नचिकेत सामंत द्वारा निर्देशित और सलीम सिब्लिंग्स (हुमा और साकिब सलीम) द्वारा निर्मित फिल्म में हुमा को बेबी करमारकर के किरदार में पेश किया गया है। वीडियो से पता चलता है कि अभिनेत्री इसमें एक कॉन्ट्रैक्ट किलर की भूमिका निभा रही हैं।

बेबी डू डाई डू का टीजर एनिमेटेड वीडियो के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें मुंबई में लगातार होने वाली हत्याओं से जुड़े रहस्यमयी हत्यारे की तलाश को दिखाया गया है। पुलिस और मीडिया रहस्यमयी व्यक्ति की तलाश में व्यस्त है। दूसरी ओर एक महिला लाल छाता लिए शहर में चुपचाप घूमती हुई नजर आती है। हैरानी की बात यह है कि महिला के छाते में एक बंदूक छिपी है, जिससे वह दिन–दहाड़े लोगों का खून करती है। हुमा ने वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर जारी किया है और कैप्शन दिया, आ गई अपनी फीमेल हिटवुमन! इससे पहले उन्होंने फिल्म के कई सारे पोस्टर साझा करते हुए फैंस को उत्साहित कर दिया था। निर्माताओं का कहना है कि फिल्म का टीजर जल्द जारी किया जाएगा। फिल्म में सिकंदर खेर, चंकी पांडे, सीमा पाहवा, विद्या मालवदे और हिमांशु मलिक जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# पेद्दी बॉक्स ऑफिसः 5 दिनों में 300 करोड़ी क्लब में एंट्री, विवाद के बीच खूब कमा रही राम चरण की फिल्म




राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पेद्दी बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ रही है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड बिग ओपनिंग ली थी और अब 5 दिनों में फिल्म ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री कर ली है. यह तब हो रहा है, जब फिल्म जाह्नवी कपूर के ऑब्जेक्टिफाई सीन को लेकर विवादों से घिरी हुई है. एक तरफ फिल्म पूरी तरह से विवादों में हैं और दूसरी तरफ फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई कर रही है. आरआरआर के बाद पेद्दी एक्टर के करियर की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. फिल्म पेद्दी ने अपने मंडे टेस्ट में क्या कारनामा किया है, चलिए जानते हैं.

पेद्दी मंडे टेस्ट में फेल नजर आ रही है, फिर भी फिल्म ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री कर ली है. सैकनिल्क के अनुसार पांचवें दिन पेद्दी ने 12.05 करोड़ रुपये की कमाई की है. पांचवें दिन फिल्म की कमाई में 22 फीसदी से ज्यादा रकी गिरावट आई है. पांचवें दिन पेद्दी ने तेलुगु में 10.40 करोड़ रुपये, तमिल में 0.15 करोड़ रुपये, मलयालम में 0.03 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 0.07 करोड़ रुपये और हिंदी में 1.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. पेद्दी ने पांचवें दिन 7905 शो से नेट 12.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इससे पेद्दी भारत में ग्रॉस कलेक्शन 201.92 करोड़ रुपये और 169.70 करोड़ रुपये नेट कलेक्शन हो गया है.

ओवरसीज में फिल्म ने पांचवें दिन 1 करोड़ रुपये की कमाई की है. इससे ओवरसीज का कुल कलेक्शन 47 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, पेद्दी के मेकर्स ने फिल्म का ऑफिशियल कलेक्शन शेयर कर बताया है कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 315 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है. वहीं, आज 9 जून मंगलवार को खबर लिखे जाने तक फिल्म ने छठे दिन 0.58 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है.

आरआरआर (1200 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई) के बाद पेद्दी राम चरण की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. आईएमडीबी के अनुसार, आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1291.2 करोड़ रुपये की कमाई की है. रंगस्थलम (220.8 करोड़ रुपये), गेम चेंजर (215.8 करोड़ रुपये), मगध ीरा (146.8 करोड़ रुपये) कमाए हैं. आरआरआर (2022) के चार साल बाद राम चरण की किसी फिल्म की 300 करोड़ी क्लब में एंट्री हुई है. बता दें, बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी फिल्म में राम चरण अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं. उन्होंने कई स्पोर्ट्स खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है. वहीं वरुण, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े अभिनीत है जवानी तो इश्क होना है ने रिलीज के चौथे दिन 3.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने तीसरे दिन, यानी रविवार को 9 करोड़ रुपये कमाए थे। कारोबारी दिनों में लौटकर इसे बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन अब 27.50 करोड़ रुपये हो गया है। बॉबी की फिल्म बंदर ने चौथे दिन महज 30 लाख रुपये कमाए। इसका कुल कलेक्शन अब 2.75 करोड़ रुपये हुआ है।

# मानसून से पहले साफ कर लें त्वचा की टैनिंग, बनाकर लगाएं ये 5 फेस पैक



गर्मी में त्वचा को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है सूरज की हानिकारक किरणों के कारण त्वचा पर होने वाली टैनिंग। यह समस्या खासतौर से उन लोगों के लिए होती है, जो घर से बाहर ज्यादा समय बिताते हैं। ऐसे में जरूरी है कि मानसून का मौसम आने से पहले ही आप इस जिद्दी टैनिंग को साफ कर लें। इसके लिए इन 5 घर पर बने फेस पैक से त्वचा की देखभाल करें।

दही, नींबू और चावल के आटे का फेस पैक

सामग्रीरू 2 चम्मच दही, एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच चावल का आटा। बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में चावल का आटा, नींबू का रस और दही मिलाएं। फिर इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 से 20 मिनट के बाद चेहरे को पानी से धो लें। फायदारू यह फेस पैक त्वचा को नमी देने में मदद करता है और त्वचा की रंगत को हल्का करने में भी सहायता कर सकता है।

एलोवेरा जेल, हल्दी और चंदन का फेस पैक

सामग्रीरू 2 चम्मच एलोवेरा जेल, एक चम्मच चंदन पाउडर और एक चुटकी हल्दी पाउडर। बनाने और लगाने का तरीकारू एक कटोरी में एलोवेरा जेल, चंदन पाउडर और हल्दी पाउडर को अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें। फायदारू यह फेस पैक त्वचा को मुलायम बनाने के साथ रंगत को हल्का करने में भी मदद कर सकता है, जिससे टैनिंग साफ हो जाती है।

टमाटर, बेसन और दही का फेसपैक

सामग्रीरू एक टमाटर, 2 चम्मच बेसन और एक चम्मच दही। बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले टमाटर को पीसकर उसकी प्यूरी बना लें। फिर इस गूदे को बेसन और दही के साथ मिलाकर पैक तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने पर चेहरे को पानी से धो लें। फायदारू यह फेस पैक मृत त्वचा को हटाने और रंगत को हल्का करने में मदद कर सकता है।

संतरे के छिलके, शहद और दूध का फेसपैक

सामग्रीरू 2 चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध। बनाने और लगाने का तरीकारू एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। फायदारू यह फेस पैक त्वचा की रंगत को हल्का करने समेत इसे मुलायम बनाने में मदद कर सकता है।

नींबू, शहद और एलोवेरा जेल का फेसपैक

सामग्रीरू एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच एलोवेरा जेल। बनाने और लगाने का तरीकारू एक कटोरी में इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और जब यह सूख जाए तो चेहरे को ठंडे पानी से ध ाो लें। फायदारू यह त्वचा के अतिरिक्त तेल को सोखकर मुंहासों से राहत दिलाता है, टैनिंग दूर करता है और इसे मुलायम बनाने में भी मदद कर सकता है।